# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

Ref:.................... Date:.........................

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

## COMPILED BY MEDIA CELL (17.03.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 17.03.2025, PAGE-04

### पाठ्यक्रम तैयार कर भेजा गया एक्सपर्ट कमेटी के पास, वहां से पास होने के बाद होगा शुरू

# बीआरएबीयू : पीजी विभागों में जून से शुरू होगा एडऑन कोर्स

**तैयारी**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में अगले जून से पीजी विभागों में एडऑन कोर्स शुरू होगा। इसकी जानकारी इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स प्रो. राजीव कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि एडऑन कोर्स का सिलेबस एक्सपर्ट कमेटी के पास भेजा जाएगा। वहां से पास होकर आने पर इसे शुरू किया जाएगा।

एडऑन कोर्स 30 घंटे का होगा। इस कोर्स के तहत छात्र योग, स्थानीय इतिहास और वैदिक गणित जैसे विषयों की पढ़ाई करेंगे। बिहार विवि में पहली बार छात्रों के लिए एडऑन कोर्स शुरू किया जा रहा है। बीआरएबीयू 12 एडऑन कोर्स शुरू करेगा।

वैदिक गणित में गणित के सभी अंगों की पढ़ाई होगी। इसमें छात्रों को ज्यामिती, बीजगणित और अर्थमिती की जानकारी दी जाएगी। वैदिक गणित के सूत्र भी छात्रों को बताए जाएंगे। इससे छात्रों को प्राचीन वैदिक सभ्यता और उस समय की शिक्षा व्यवस्था को जानने का मौका मिलेगा। योग में भी कई आसन सिखाए जाएंगे। बीआरएबीयू में वोकेशनल कोर्स के तहत भी योग की पढ़ाई होती है। वैदिक गणित के अलावा प्रोफेशनल एथिक्स और मानवाधिकार का भी सिलेबस तैयार किया गया है।

प्रोफेशनल एथिक्स में छात्रों को अपने काम के दौरान नैतिक मूल्यों को किस तरह बचाए रखें, इसके बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा डेयरी साइंस और कृषि से जुड़ा विषय भी एडऑन कोर्स के तहत शुरू होगा। इसका सिलेबस भी तैयार है। एडऑन कोर्स के तहत तिरहुत का इतिहास विषय का सिलेबस तैयार किया है। इस कोर्स का प्रस्ताव एलएस कॉलेज की तरफ से विवि को दिया गया था। इसके बाद इस कोर्स का सिलेबस तैयार किया गया है।

बीआरएबीयू के इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स प्रो राजीव कुमार ने बताया कि इस कोर्स से तिरहुत क्षेत्र के सांस्कृतिक और सामजिक इतिहास को विद्यार्थी जान सकेंगे। यह कोर्स दो क्रेडिट का होगा।

## आवेदन के बाद दाखिला नहीं ले रहे छात्र

- पीजी में नामांकन के लिए 26 हजार आवेदन, मगर दाखिला 7900 ही
- मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद भी नहीं ले रहे दाखिला
- बीआरएबीयू के पीजी में 11 हजार सीटों पर लिया जाना है एडमिशन



मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में विद्यार्थी पीजी में दाखिले के लिए आवेदन करने के बाद भी नामांकन नहीं ले रहे हैं। बिहार विवि में पीजी में दाखिले के लिए 26, 297 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन दो मेरिट लिस्ट बीत जाने के बाद सिर्फ 7967 विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया है। हद तो यह है कि मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद भी विद्यार्थी दाखिला नहीं ले रहे हैं।

पहली मेरिट लिस्ट में 10,885 विद्यार्थियों का नाम जारी किया गया लेकिन दाखिला 6600 ने ही लिया। दूसरी मेरिट लिस्ट में 3651 के नाम जारी किए गए लेकिन 1300 विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया। बिहार विवि में पीजी में 11 हजार सीटें हैं। पीजी में दाखिले की प्रक्रिया लगभग डेढ़ महीने से चल रही है।

**इतिहास में 3888 आवेदन, दाखिला सिर्फ 890 :** इतिहास में 3888 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन दूसरी मेरिट लिस्ट तक सिर्फ 890 विद्यार्थियों का दाखिला हुआ है। इसी तरह कॉमर्स में 2642 विद्यार्थियों ने ओवदन किया था और दाखिला 993 ने लिया है। परिसयन विषय में शत प्रतिशत दाखिला हुआ है। परसियन में छह विद्यार्थियों ने ही आवेदन किया था और सभी ने दाखिले भी लिया है। हिन्दी में 2211 ने आवेदन किया और दाखिले सिर्फ 663 विद्यार्थियों का हुआ है।

**विषय बदलने के लिए कई ने नहीं लिया दाखिले :** बिहार विवि प्रशासन का कहना है कि कई विद्यार्थियों ने पीजी में विषय बदलने के लिए दाखिले नहीं लिया है। जिनका स्नातक में जो विषय था, वह उससे अलग विषय में पीजी में दाखिला लेना चाहते थे लेकिन पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट में विषय वाले विद्यार्थियों को ही मौका दिया गया। तीसरी मेरिट लिस्ट के बाद विद्यार्थियों को विषय बदलकर भी दाखिले का मौका दिया जाएगा।

### आज से तीसरी मेरिट लिस्ट के नामांकन की प्रक्रिया

बीआरएबीयू में सोमवार से पीजी की तीसरी मेरिट लिस्ट का दाखिला शुरू होगा। तीसरी मेरिट लिस्ट में 1733 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। तीसरी मेरिट लिस्ट का दाखिला 20 मार्च तक चलेगा। इसके बाद विद्यार्थियों को विषय बदलने के लिए एडिट का विकल्प मिलेगा। एडिट का विकल्प भरने के बाद विद्यार्थी एडमिशन लिया जाएगा। एडमिशन में सभी दस्तावेज चेक करने के लिए डीएसडब्ल्यू ने सभी विभागाध्यक्ष और कॉलेज के प्राचार्य को पत्र लिखा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 17.03.2025, PAGE-04

# तीसरी मेधा सूची से पीजी में आज से नामांकन

**1733** विद्यार्थियों को मिली जगह, 20 तक एडमिशन कराएंगे विद्यार्थी



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में तीसरी मेधा सूची से पीजी कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी। इसके आधार पर आवंटित कालेजों और पीजी विभागों में विद्यार्थी 20 मार्च तक नामांकन ले सकेंगे। तीसरी मेरिट लिस्ट में 1733 विद्यार्थियों को जगह मिली है। इसी आधार पर नामांकन होगा। साथ ही सभी शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच के बाद ही पीजी विभागों और कालेजों में नामांकन की प्रक्रिया होगी। इसको लेकर पहले ही विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश जारी किए जा चुके हैं। विश्वविद्यालय की ओर से पिछले सप्ताह ही नामांकन के लिए तीसरी मेधा सूची जारी की गई है। इससे पहले दूसरी मेधा सूची के आधार पर हुए नामांकन को कालेजों और पीजी विभागों की ओर से अपडेट किया गया है। इसी आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से तीसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई है। पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर अब तक पीजी के विभिन्न कोर्सों में 8369 विद्यार्थियों ने नामांकन करा लिया है। जल्द ही नए सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं की कक्षाओं के संचालन से संबंधित आदेश जारी होगा। सत्र 2024-26 के तहत पीजी में नामांकन की प्रक्रिया फरवरी से चल रही है। सबसे अधिक पहली मेधा सूची के आधार पर विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है। तीसरी मेधा सूची से नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यार्थियों को आवेदन को एडिट का विकल्प मिलेगा। इस आधार पर विद्यार्थी अपना विषय भी बदल सकेंगे। हिंदी और इतिहास जैसे विषयों में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। ऐसे में इन विषयों में नामांकन से वंचित विद्यार्थी दूसरे विषय में नामांकन के लिए विकल्प का चयन कर सकेंगे।

## रिजल्ट के तीन माह वाद भी नहीं मिला पार्ट थर्ड का अंकपत्र

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में रिजल्ट प्रकाशन के तीन महीने बीत जाने के बाद अब तक विद्यार्थियों को अंकपत्र प्राप्त नहीं हो सका है। इस कारण छात्र-छात्राओं की परेशानी लगातार बढ़ रही है। पिछले दिनों कई विद्यार्थी विश्वविद्यालय पहुंचकर अपनी परेशानी से परीक्षा विभाग से लेकर परीक्षा नियंत्रक को अवगत करा चुके हैं। परीक्षा विभाग की ओर से कहा गया है कि इस महीने तक कालेजों में टीडीसी पार्ट थर्ड का अंकपत्र भेज दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि अब तक अंकपत्र की छपाई नहीं हो सकी है। इसी कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। दिसंबर महीने में ही सत्र 2021-24 के तहत टीडीसी पार्ट थर्ड की परीक्षा का परिणाम जारी किया गया था। दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से पहले ही कहा गया है कि पार्ट थर्ड के अंकपत्र के साथ-साथ ही कालेजों में प्रोविजनल भी भेजा जाएगा। टीडीसी पार्ट थर्ड का परिणाम जारी होने के बाद से ही छात्राएं कन्या उत्थान योजना में आवेदन करने के लिए अंकपत्र जारी करने की मांग कर रही हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE-17.03.2025, PAGE-04

सत्र 2021-24 का मामला. विश्वविद्यालय की ओर से भेजा जा रहा सर्टिफिकेट

# स्नातक के छात्र-छात्राओं को मार्कशीट के साथ ही मिलेगा प्रोविजनल सर्टिफिकेट

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

स्नातक सत्र 2021-24 के छात्र-छात्राओं को मार्कशीट के साथ ही प्रोविजनल सर्टिफिकेट भी मिलेगा. करीब एक लाख छात्र-छात्राओं ने सत्र 2021-24 में स्नातक उत्तीर्ण किया है. इस साल जनवरी में थर्ड ईयर का रिजल्ट जारी किया गया था. इसके बाद छात्र मार्कशीट के लिए परेशान थे. खासकर स्नातक उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को मार्कशीट की जरूरत थी, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लिए स्टेटस अपलोड करते समय मार्कशीट का सीरियल नंबर देना था. विश्वविद्यालय ने रिजल्ट के साथ डिजिटल मार्कशीट जारी किया था, जिस पर नंबर नहीं था. इसकी शिकायत जब विश्वविद्यालय के अधिकारियों से की गई, तो डिजिटल मार्कशीट पर ही सीरियल नंबर अपडेट कर दिया गया. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि स्नातक सत्र 2022-25 का फाइनल रिजल्ट इसी साल जारी किया जाएगा, तो इस सत्र के छात्र-छात्राओं को भी मार्कशीट के साथ ही प्रोविजनल सर्टिफिकेट भेजा जाएगा. तीन वर्षीय स्नातक का यह अंतिम सत्र होगा. हालांकि अधिकतर कॉलेजों में होली से पहले भेज भी दिया गया है. अब छात्र संबंधित कॉलेज में संपर्क कर अपना मार्कशीट और प्रोविजनल सर्टिफिकेट हासिल कर सकेंगे. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में प्रोविजनल या मूल सर्टिफिकेट के लिए पहले छात्र-छात्राओं को कॉलेज से विश्वविद्यालय तक का चक्कर लगाना पड़ता था. सर्टिफिकेट बनवाने में आवेदन के बाद महीनों तक दौड़ना पड़ता है. पिछले साल स्नातक उत्तीर्ण छात्रों को अब राहत मिलेगी.

खबर को विस्तार से पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें.

## इग्नू में एडमिशन के लिए 31 मार्च तक मौका

संवाददाता, पटना

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने सर्टिफिकेट और सेमेस्टर कोर्स को छोड़कर ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन प्रोग्राम में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी है. पहले यह 15 मार्च थी. इसके लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट (ignouadmission.samarth.edu.in) या http://ignouiop.samarth.edu.in पर आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने के लिए, उम्मीदवारों को पहले संबंधित पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा. आवेदन के लिए डीइबी आइडी अनिवार्य होगी. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (प्रमाणपत्र और सेमेस्टर आधारित कार्यक्रमों को छोड़कर) 31 मार्च है.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:17.03.2025, PAGE04

# तीसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर पीजी कोर्स में आज से नामांकन

## विद्यार्थी आवंटित पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत कॉलेजों में 17 से 20 मार्च तक ले सकेंगे नामांकन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर



बीआरए बिहार विश्वविद्यालय तीसरे मेरिट लिस्ट के आधार पर सोमवार से पीजी कोर्स में नामांकन शुरू होगा. मेधा सूची के आधार पर विद्यार्थी आवंटित पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत कॉलेजों में 17 से 20 मार्च तक नामांकन ले सकेंगे. दूसरी मेधा सूची के आधार पर हुए नामांकन को कालेजों और पीजी विभागों की ओर से अपडेट किया गया है. इसी आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से तीसरी मेरिट लिस्ट जारी की गयी है. विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार तीसरी मेरिट लिस्ट में कुल 1,733 विद्यार्थियों को जगह मिली है. तीसरी मेधा सूची से नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यार्थियों को आवेदन को एडिट का विकल्प मिलेगा. इस आधार पर विद्यार्थी अपना विषय भी बदल सकेंगे. हिंदी और इतिहास जैसे विषयों में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया है. ऐसे में इन विषयों में नामांकन से वंचित विद्यार्थी दूसरे विषय में नामांकन के लिए विकल्प का चयन कर सकेंगे. दूसरी ओर पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर अब तक पीजी के विभिन्न कोर्सों में 8,369 विद्यार्थियों ने नामांकन करा लिया है. दूसरी ओर पीजी के नये सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं की कक्षाएं संचालित की जाएंगी. सत्र 2024-26 के तहत पीजी में नामांकन की प्रक्रिया फरवरी से चल रही है. सबसे अधिक पहली मेधा सूची के आधार पर विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है. बता दें कि विश्वविद्यालय की ओर से बीते बुधवार को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी की गयी थी.